
अर्थ प्रकाश 4-8-2026

# नशे के खिलाफ जंग में एसडी कॉलेज के युवाओं ने मिलाया कदम, युवा शक्ति ने लिया नशा मुक्त भारत का संकल्प



**अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा**

**चंडीगढ़, 3 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान' के तहत सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म (एसडी) कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने कॉलेज परिसर और सेक्टर-18 स्थित टैगोर थिएटर में प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा तथा नशामुक्त भारत का संकल्प लिया।

कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि विकसित राष्ट्र के निर्माण में जागरूक, स्वस्थ और जिम्मेदार युवा शक्ति की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ राष्ट्र के प्रति उनके दायित्वों का भी बोध कराते हैं।

कार्यक्रम का समन्वय वाडा (विक्ट्री अगेंस्ट ड्रग एब्यूज) क्लब की नोडल अधिकारी लेफ्टिनेंट रितिका सिन्हा, वरिंदर कुमार और डॉ. निधि चड्ढा ने किया। टैगोर थिएटर में आयोजित कार्यक्रम में इतिहास विभाग की डॉ. श्रुति शर्मा भी विद्यार्थियों के साथ मौजूद रहीं।

दैनिक जागरण 4-8-26

# नशे को ना, विकास को हां का लिया संकल्प

जागरण संवाददाता, चंडीगढ़: नशा केवल एक व्यक्ति की जिंदगी को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। इस संदर्भ में, गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कालेज के विद्यार्थियों ने नशामुक्त भारत की मुहिम को जन-आंदोलन बनाने का संकल्प लिया। विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान' से जुड़कर नशे के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया।



कार्यक्रम के दौरान स्टूडेंट्स व स्टाफ • कालेज

कालेज के प्रिंसिपल डा. अजय शर्मा ने कहा कि विकसित राष्ट्र की नींव स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार युवाओं पर निर्भर करती है। ऐसे अभियान युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से बचाने के साथ-साथ समाज और देश के प्रति उनकी जिम्मेदारी का एहसास कराते हैं।

दैनिक सवेरा 4-8-2026

# नशे के खिलाफ जंग में एसडी कॉलेज के युवाओं ने मिलाया कदम



कार्यक्रम में हिस्सा लेते छात्र।

**सवेरान्यूज/नीनाचंडीगढ़:** नशामुक्त भारत के संकल्प को जन--आंदोलन बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए। 'नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान' से सैक्टर 32 के जीजीडीएसडी कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक खुद को जोड़ा। अभियान के शुभारंभ के अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने दो अलग-अलग केंद्रों पर प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा और नशे के खिलाफ जन जागरूकता का संदेश आत्मसात किया। कॉलेज परिसर स्थित गर्ल्स हॉस्टल में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एकत्र होकर लाइव टेलीकास्ट देखा। वहीं, विद्यार्थियों का एक अन्य दल सेक्टर-18 स्थित टैगोर थिएटर में आयोजित आधिकारिक कार्यक्र म में शामिल हुआ और अभियान का हिस्सा बना। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि किसी भी विकसित राष्ट्र की नींव जागरूक, स्वस्थ और जिम्मेदार युवा शक्ति पर टिकी होती है। टैगोर थिएटर में आयोजित कार्यक्र म में कॉलेज के छात्र--छात्राओं के दल के साथ इतिहास विभाग की डॉ. श्रुति शर्मा उपस्थित रहीं।

दिव्य हिमाचल 5/8/2026

# एसडी कालेज में नशे पर प्रहार

## सेक्टर-32 में छात्रों ने नशे से दूर रहने की सौगंध खाई

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो- चंडीगढ़**

नशामुक्त भारत के संकल्प को जनआंदोलन बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए प्नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान से सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कालेज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक खुद को जोड़ा। अभियान के शुभारंभ के अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने दो अलग.अलग केंद्रों पर प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा और नशे के खिलाफ जन जागरूकता का संदेश आत्मसात किया। कालेज परिसर स्थित गर्ल्स होस्टल में बड़ी संख्या में



चंडीगढ़। नशमुक्त अभियान में शामिल एसडी कालेज के छात्र

विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एकत्र होकर लाइव टेलीकास्ट देखा। वहीं, विद्यार्थियों का एक अन्य दल सेक्टर-18 स्थित टैगोर थियेटर में आयोजित आधिकारिक कार्यक्रम में शामिल हुआ और अभियान का हिस्सा बना। कॉलेज के प्रिंसीपल डा. अजय शर्मा ने



कहा कि किसी भी विकसित राष्ट्र की नींव जागरूक, स्वस्थ और जिम्मेदार युवा शक्ति पर टिकी होती है। ऐसे राष्ट्रीय अभियान युवाओं को केवल नशे जैसी सामाजिक बुराई के प्रति सचेत ही नहीं करते, बल्कि उन्हें समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का भी बोध कराते हैं।

पंजाब केसरी 4-8-26

# युवा शक्ति ने लिया नशामुक्त भारत का संकल्प

चंडीगढ़, 3 अगस्त (आशीष): नशामुक्त भारत के संकल्प को जन-आंदोलन बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'नशामुक्त युवा, विकसित भारत' संकल्प अभियान से सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक जुड़कर नशे के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया। अभियान के शुभारंभ अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने दो अलग-अलग स्थानों पर प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा। कॉलेज परिसर स्थित गर्ल्स हॉस्टल में बड़ी संख्या में विद्यार्थी और शिक्षक एकत्र हुए। वहीं, विद्यार्थियों का एक अन्य दल सेक्टर-18 स्थित टैगोर थिएटर में आयोजित आधिकारिक कार्यक्रम में शामिल हुआ। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि किसी भी विकसित राष्ट्र की नींव जागरूक, स्वस्थ और जिम्मेदार युवा शक्ति पर टिकी होती है।